प्रेस नोट - थाना परशुरामपुरी

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक -29.10.2026

थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण, एक अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के सोने-चाँदी के आभूषण बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना परशुरामपुरी के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण:-

अवगत कराना है कि दिनांक 09.10.2026 को वादी द्वारा अज्ञात चोर के विरुद्ध अपने घर से 02 मोबाइल फोन, ₹34,500/- नकद तथा कुछ सोने-चाँदी के आभूषण चोरी कर ले जाने के संबंध में लिखित तहरीर दी गई थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना परशुरामपुरी पर मु०अ०सं० 471/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 29.10.2026 को थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम मुकदमा उपरोक्त में माल एवं अभियुक्त की तलाश हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त को परशुरामपुरी स्थित उबरिया मंदिर के पास से समय करीब 07:20 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पीली धातु के 01 जोड़ी झाले, 01 अदद टॉप्स, 02 अदद टीका, 02 अदद नाक के बेसर, 01 अदद नथ की चेन, 01 अदद मंगलसूत्र, 01 अदद अंगूठी, 01 जोड़ी कुंडल तथा सफेद धातु की 05 जोड़ी पायल, 01 जोड़ी हाथ के फूल एवं 02 अदद कमर बिछुआ बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

सूरजभान वर्मा पुत्र धर्मपाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दुमकापुर थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक/समय-

परशुरामपुरी स्थित उबरिया मन्दिर के पास से,दिनांक 29/10/26 समय- 07.20 बजे

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

मु0अ0सं0 471/2026 धारा 305(a),317(2) बीएनएस थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर ।

बरामदगी का विवरण:-

1- पीली धातु के आभूषण – 01 जोड़ी झाले, 01 अदद टॉप्स, 02 अदद टीका, 02 अदद नाक के बेसर, 01 अदद नथ की चेन, 01 अदद मंगलसूत्र, 01 अदद अंगूठी एवं 01 जोड़ी कुंडल।

2- सफेद धातु के आभूषण – 05 जोड़ी पायल, 01 जोड़ी हाथ के फूल एवं 02 अदद कमर बिछुआ।

पूछताछ विवरणः-

दौराने पूछताछ अभियुक्त ने बताया कि उसने दिनांक 08/09.10.2026 की रात्रि में अपने पड़ोसी के घर से उक्त जेवर चोरी किए थे। रात्रि में करीब 12 बजे के बाद वह दबे पांव पड़ोसी के घर के दरवाजे पर पहुंचा। दरवाजा अंदर से कुंडी न लगी होने के कारण धीरे से धक्का देने पर खुल गया, जिसके बाद वह घर के अंदर चला गया। उसने देखा कि बरामदे में पड़ोसी व उसके घरवाले सो रहे थे। इसके बाद वह दबे पांव कमरे की कुंडी खोलकर अंदर गया, जहां एक संदूक रखा था, जिसमें ताला लगा हुआ था। ताले की चाबी तलाशने पर कमरे में बनी अलमारी में मिल गई, जिससे उसने संदूक का ताला खोलकर उसमें रखे कपड़ों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसे एक सफेद थैले में कुछ सोने-चांदी के आभूषण व रुपये मिले, जिन्हें लेकर वह दबे पांव कमरे से बाहर निकला। इसके बाद बरामदे में सो रहे पड़ोसी व उसके घरवालों के पास रखे 02 मोबाइल फोन भी लेकर चुपचाप घर से निकल गया। अभियुक्त ने बताया कि चोरी किए गए जेवर उसने अपने घर के अंदर छिपा दिए थे तथा चोरी में मिले रुपये खर्च कर दिए थे। पकड़े जाने के डर से उसने दोनों मोबाइल फोन तालाब में फेंक दिए थे। घटना के बाद काफी समय बीत जाने तथा रुपये समाप्त हो जाने पर उसे लगा कि मामला शांत हो गया है। इसी कारण वह आज उक्त जेवर बेचने के लिए शाहजहाँपुर जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 पवन कुमार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर ।
2. का0 प्रवीन कुमार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर ।
3. का0 देववृत थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर ।